एडमिशन: रिक्त सीटों पर होंगे दाखिले

कन्या कॉलेज में रोजाना होगी फिजिकल काउंसिलिंग

असल दस्तावेज व फोटोकॉपी का 1 सेट जरूरी

भास्कर न्यूज | जींद

राजकीय कन्या महाविद्यालय पिल्लूखेड़ा में बीए और बीकॉम में रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए एक अगस्त से रोजाना फिजिकल काउंसिलिंग होगी। महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. तनाशा हुड्डा ने बताया कि प्रथम वर्ष के लिए जारी प्रवेश प्रक्रिया के अंतर्गत रिक्त रह गई सीटों पर प्रवेश के लिए उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा पोर्टल पुनः खोल दिया गया है।

प्रवेश लेने के इच्छुक अपना आवेदन ऑनलाइन पंजीकृत अपग्रेड करवाने के उपरांत अपने दस्तावेजों समेत प्रवेश समिति के समक्ष व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होंगे। उन्होंने बताया कि एक अगस्त से रोजाना 9:30 बजे से 12: 30 बजे तक फिजिकल काउंसिलिंग उपरांत बाद दोपहर एक बजे तक प्रवेश पाने वाले विद्यार्थियों की सूची जारी की जाएगी। उन्हें उसी दिन ऑनलाइन अपनी फ ीस जमा करवानी होगी। काउंसलिंग के लिए आने वाले विद्यार्थियों के लिए अपने सभी संबंधित असल दस्तावेज व उनकी फोटो प्रतियों का एक सेट साथ लेकर आना अनिवार्य है। आवेदन पंजीकृत अपलोड करवाने के लिए महाविद्यालय कार्यालय में भी संपर्क किया जा सकता है।